सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 140 | इंदौर, गुरुवार 05 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# 'उपराष्ट्रपति के बयान से साबित हुआ, शिवराज झूठ बोलते हैं'

## जीतू पटवारी बोले- केंद्रीय कृषि मंत्री अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से किसानों की स्थिति और किसान आंदोलन पर कई सवाल किए। उपराष्ट्रपति के बयान के बाद मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस्तीफा मांगा है।**

उपराष्ट्रपति ने कहा- शिवराज झूठ बोलते हैं

भोपाल में अपने आवास पर पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, "भारत के संविधान में दूसरी सबसे बड़ी पोस्ट पर विराजित उपराष्ट्रपति जी ने केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहा कि आप झूठ बोलते हो। उन्होंने देश की सरकार को आइना दिखाया। अगर गूगल पर सर्च करके देखो तो देश में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाले राजनेताओं में शिवराज सिंह चौहान का नाम आता है।"

पटवारी ने कहा, "कांग्रेस पार्टी लगातार यह बात कहती रही है कि शिवराज सिंह चौहान जनता से भी झूठ बोलते हैं और व्यवस्था से भी झूठ बोलते हैं। पिछले 12 मंगलवार गुजर गए, मैंने उनसे समय मांगा कि मैं भी एक पार्टी का अध्यक्ष हूं। कांग्रेस पार्टी मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाती है, आप ही के शासन में। मैं किसानों के हक और अधिकार पर आपसे बात करना चाहता हूं, लेकिन आपने समय देना उचित नहीं समझा। यह मेरा व्यक्तिगत अपमान नहीं है, यह व्यवस्था का अपमान है।"

राजनीतिक मर्यादा बची हो तो शिवराज इस्तीफा दें

पटवारी ने कहा, "अगर शिवराज सिंह चौहान में राजनीतिक रूप से थोड़ी सी भी मर्यादा बची हो, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। देश के उपराष्ट्रपति ने आपके काम के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा है कि आप कर क्या रहे हो? किसान कितने सालों से फसलों के दाम मांग रहे हैं और आप मौन हो। आपने क्या प्रयास किया? उसी समय संसद में शिवराज बोले कि समर्थन मूल्य लागत से डबल नरेंद्र मोदी की सरकार देती है। यह तीन दिन पहले संसद में शिवराज सिंह चौहान ने वक्तव्य दिया। इसका मतलब है, या तो धनखड़ साहब की भावना गलत थी या शिवराज सिंह चौहान ने संसद के अंदर झूठ बोला।"

### उपराष्ट्रपति का अभिनंदन करेंगे पटवारी

पीसीसी चीफ ने कहा- "मैं धनखड़ साहब को साधुवाद देता हूं। उनका हम नागरिक अभिनंदन करेंगे कि उन्होंने किसानों के हितों और अधिकारों की बात कही।'

'मैं उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलूंगा और आग्रह करूंगा कि आपने हिम्मत से अपनी सरकार को आइना दिखाया। नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह चौहान को आइना दिखाया।'



'यही बात वह संसद की आसंदी पर बैठकर निर्णय लें और सरकार को आईना दिखाएं। देश के प्रधानमंत्री को मैं पत्र लिखूंगा और ट्विटर के माध्यम से आग्रह करूंगा। शिवराज सिंह चौहान ने एक साल पहले कहा था कि 3100 रुपए धान का दाम मिलना चाहिए। आज 2300 रुपए में धान की खरीदी हो रही है। यह झूठ सिर चढ़कर बोल रहा है।"

**पटवारी ने इन मुद्दों पर भी बात की**

### राइस मिलर्स का पेमेंट किया जाए

पटवारी ने कहा, "मुख्यमंत्री मोहन यादव विदेश गए कि नया इन्वेस्ट आए और प्रदेश का विकास हो। लेकिन मप्र के राइस मिलर्स को दो सालों से पैसे नहीं मिले।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन दिया और मिलों का ताला लगाकर चाबियां सौंप दीं। वे अपनी मिलों पर ताला लगा रहे हैं और सरकार उस पर ध्यान नहीं दे रही है।

यह प्रदेश को कर्ज में डालकर पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विदेश गए और तेज गाड़ी में बैठकर आनंद लिया। उनकी मानसिकता अभी भी वहीं अटकी हुई है। उन्हें यह देखना चाहिए कि राइस मिलर्स को पैसे क्यों नहीं मिल रहे हैं। इस वजह से मिलों में ताले लग गए हैं।"

### सोयाबीन के दाम नहीं मिल रहे

पटवारी ने कहा, "सोया स्टेट के किसानों ने आंदोलन किया और उन्हें गुमराह किया गया। अलग-अलग इवेंट किए गए, लेकिन आज भी 4000 के आसपास सोयाबीन खरीदी जा रही है।

वहीं, भारत सरकार ने करीब 4300 में खरीदी करने का एमएसपी तय किया है। आप लगातार झूठ बोलते हैं। यह बात अकेले विपक्ष नहीं, बल्कि देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति भी बोलते हैं।

हम यह बात 16 तारीख को 1 लाख 20 हजार लोगों के बीच कहेंगे कि शिवराज सिंह चौहान को पद पर रहने का अधिकार नहीं है।"

### बांग्लादेश के विरोध में प्रदर्शन कांग्रेस की विचारधारा का समर्थन

पटवारी ने कहा, "आज पूरे मध्य प्रदेश में बांग्लादेश की घटना को लेकर लोग सड़कों पर उतरे। यह संदेश कांग्रेस की विचारधारा का समर्थन था कि दुनिया में कहीं भी अगर अल्पसंख्यक हैं, तो उनकी रक्षा सरकार को करनी चाहिए।

हमारे एक सांसद इमरान मसूद ने संसद में एक नोटिस दिया और कहा कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यक भाइयों की रक्षा होनी चाहिए। इसके लिए भारत सरकार को दबाव बनाना चाहिए। राजनीतिक रूप से कूटनीति या डिप्लोमेसी के माध्यम से यह मुद्दा उठाना चाहिए।

व्यापार और व्यवसाय की दृष्टि से भी सरकार को उन पर दबाव बनाना चाहिए। हमारी ट्रेनें जो वहां जाती हैं, उन पर रोक लगाई जाए। बांग्लादेश में हिंदू धर्म के मंदिर और हिंदू समाज के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके पीछे अगर किसी की विफलता है, तो वह नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय की है।

हम सरकार से मांग करते हैं कि जो अल्पसंख्यक आसपास के देशों जैसे बांग्लादेश, पाकिस्तान या अन्य देशों में हैं, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कनाडा में भी इस तरह के हमले हुए, अमेरिका में भी ऐसी घटनाएं हुईं। लेकिन नरेंद्र मोदी मौन क्यों रहते हैं? हमारे देश के रहमों करम पर बांग्लादेश बना। वहां हमारे लोगों की रक्षा नहीं होती, तो इसका मतलब है कि यह सरकार की नाकामी है।"

# इंदौर में देश का पहला शौचालय पॉडकॉस्ट हुआ

## नगर निगम की नई पहल, स्वच्छता के लिए जागरूकता बढ़ाने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जोन 9 के वार्ड 47 स्थित नेहरू पार्क के सुलभ शौचालय परिसर में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां शौचालय को पॉडकास्ट स्टूडियो में बदल दिया गया।**

दरअसल, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे आदत में शामिल करने के उद्देश्य से इंदौर नगर निगम ने यह अनूठा प्रयोग किया है। शौचालय के बाहर पॉडकॉस्ट किया गया, जिसमें नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा से आरजे साक्षी ने बात की।

### देश का पहला शौचालय पॉडकास्ट

इंदौर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश के पहले शौचालय पॉडकास्ट की शुरुआत की है। शौचालय को पॉडकास्ट स्टूडियों में बदलकर इस अभिनव पहल को लागू किया है। इस स्वच्छ शौचालय पॉडकास्ट का उद्देश्य स्वच्छता को लेकर एक नई सोच विकसित करना और इसे मनोरंजक व प्रभावी तरीके से पेश करना है।

### बच्चों ने साझा किए अनुभव

इस पहल की शुरुआत नेहरू पार्क स्थित सुलभ शौचालय परिसर में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन आरजे साक्षी ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय झोनल अधिकारी पीएस कुशवाह, उपयंत्री श्रीराम गुप्ता और एनजीओ संस्था एचएमएस के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने स्वच्छता के महत्व, शौचालय की उपयोगिता और अपने अनुभव साझा किए।

### स्वच्छता को मनोरंजन से जोड़ते हुए लोगों तक पहुंचाने का प्रयास

इंदौर नगर निगम ने इस पहल के जरिए स्वच्छता को मनोरंजन से जोड़ते हुए लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। इंदौर पहले ही एक लाख सेल्फियों का रिकॉर्ड बनाकर देशभर में चर्चित हो चुका है। अब यह पॉडकास्ट पहल लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और इसमें उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। आयुक्त वर्मा ने कहा कि इंदौर हमेशा स्वच्छता में अग्रणी रहा है। यह पहल न केवल जागरूकता फैलाने का जरिया है, बल्कि नई पीढ़ी को स्वच्छता की आदत डालने की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी है।

# चाइनीज मांझे के इस्तेमाल पर रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिले में चाइनीज मांझे के इस्तेमाल, इसे बेचने और स्टॉक करने पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर आशीष सिंह ने इसके आदेश जारी किए हैं। मकर संक्रांत का त्योहार करीब है। त्योहार पर लोग पतंगबाजी करते हैं। कुछ लोग चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाते हैं। इससे दुर्घटनाएं होती हैं। मांझे से घायल होने और यहां तक के मौत के मामले भी सामने आ चुके हैं। इसी वजह से कलेक्टर ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। चाइनीज मांझे को प्लास्टिक का मांझा या डोर भी कहते हैं। चाइनीज मांझा अन्य मांझों की तरह धागे से नहीं बनता। यह नायलॉन और एक मैटेलिक पाउडर को मिलाकर बनाया जाता है।

# प्रदेश का सबसे बेहतर-मॉडल हॉस्पिटल बनेगा चाचा नेहरू हॉस्पिटल

## कलेक्टर, विधायक और जनप्रतिनिधि पहुंचे जीर्णोद्धार काम को देखने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सरकारी चाचा नेहरू बाल हॉस्पिटल को प्रदेश का सबसे बेहतर और मॉडल हॉस्पिटल बनेगा। इसका काम भी शुरू हो गया है। जीर्णोद्धार का काम कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर जनसहयोग से तेजी से चल रहा है। पहले चरण का काम मार्च महीने में पूरा होगा। दूसरा चरण इसके बाद शुरू होगा। हॉस्पिटल में बाल मरीजों के इलाज के लिए मॉडर्न सुविधाएं भी जुटाई जाएगी।**



बुधवार को जीर्णोद्धार के काम का कलेक्टर आशीष सिंह, विधायक गोलू शुक्ला, जनप्रतिनिधि गौरव रणदिवे, सावन सोनकर ने निरीक्षण किया। यहां अपर कलेक्टर गौरव बेनल, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.अशोक यादव, संयुक्त कलेक्टर प्रदीप सोनी और प्रमुख रूप से जनसहयोग देने वाली संस्था क्रेडाई के संदीप श्रीवास्तव भी मौजूद थे। विधायक गोलू शुक्ला और जनप्रतिनिधियों ने कहा- यह काम मानव सेवा का सबसे बड़ा काम है। हॉस्पिटल का जीर्णोद्धार होने से बच्चों के इलाज में बेहतर सुविधाएं और अनुकूल वातावरण मिलेगा। 200 बेड होने से यह प्रदेश का सबसे बड़ा हॉस्पिटल बच्चों के इलाज लिए हो जाएगा।

### बेड की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 होगी

कलेक्टर सिंह ने कहा कि जन सहयोग से इस अस्पताल के जीर्णोद्धार का काम हाथ में लिया है। पहला चरण मार्च में पूरा होगा। लगभग 5 करोड़ रुपए जनसहयोग से खर्च होंगे। दूसरा चरण बारिश के पहले जून महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इसमें लगभग 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे। हॉस्पिटल में बेड की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 की जा रही है। डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या भी बढ़ाऐंगे। शहर में जन सहयोग से 17 और जीर्णोद्धार के काम कराए जा रहे है। इसमें 13 काम लगभग पूरे हो गए है। इनमें अधिकांश काम श्मशान घाटों के जीर्णोद्धार के है। दूसरे कामों में महिला एवं बाल विकास विभाग और सामाजिक न्याय विभाग से जुड़ी संस्थाओं के जीर्णोद्धार के है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि हाल ही में ग्रामीण क्षेत्र के दो और श्मशान घाट के जीर्णोद्धार के काम हाथ में लिए है। आने वाले समय में और भी जीर्णोद्धार के काम जन सहयोग से कराए जाऐंगे।

### आईएएस अकादमी इंदौर में सेमिनार

## अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं ही जागरुक रहना जरुरी: डॉ. परिहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित हम होंगे कामयाब पखवाड़ा महिला सुरक्षा संवाद के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया के मार्गदर्शन में 4 दिसंबर को दृष्टि आईएएस अकादमी इंदौर में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा, महिला सुरक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का संदेश सुनाया गया। डॉ. वंचना सिंह परिहार द्वारा महिलाओं-बालिकाओं संबंधी कानून, वन स्टॉप सेंटर, 1098, 1930, 181, 112, ऊर्जा डेस्क की जानकारी दी गई।

### बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई

जेंडर संवेदनशीलता और भेदभाव उन्मूलन पर बात की गई। स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल जीवन में आने वाली समस्याओं के निदान हेतु जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा शाखा के सब इंस्पेक्टर शिवम् ठक्कर ने साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी दी। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम में आशीष ने बच्चों को प्रेरणात्मक उद्बोधन दिया।

## उज्जैन-इंदौर के बीच एक और फोरलेन हाईवे बनेगा

### सिंहस्थ बायपास फोरलेन को भी मंजूरी; 11-26 दिसंबर तक मनेगा जन कल्याण पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सिंहस्थ-2028 को लेकर डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने इंदौर-उज्जैन में 2312 करोड़ रुपए से ज्यादा के सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी दी है। इसमें उज्जैन सिंहस्थ बायपास को टू लेन से 4 लेन किया जाएगा। 20 किलोमीटर की इस सड़क के निर्माण की लागत 701 करोड़ होगी।

इसके अलावा उज्जैन-इंदौर के बीच 48 किमी का फोर लेन ग्रीन फील्ड रोड बनेगा। 1370 करोड़ की लागत वाली इस सड़क की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। यह सड़क पीथमपुर के औद्योगिक क्षेत्र को भी जोड़ेगी। हिंगोरिया-देपालपुर के बीच टू लेन रोड बनेगी। 32 किमी सड़क के निर्माण की लागत 239.38 करोड़ की लागत आएगी।

इसके साथ ही एक हफ्ते की विदेश यात्रा से लौटने के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट बैठक में जर्मनी और लंदन से मिले 78 हजार करोड़ रुपए के प्रस्तावों पर चर्चा की। वहीं उद्योग विभाग से संबंधित रियायतों और विधानसभा के शीत कालीन सत्र में पेश होने वाले विधेयकों पर भी मंत्रियों से विचार-विमर्श किया गया।

एक हफ्ते की विदेश यात्रा से लौटने के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कैबिनेट बैठक ली। जिसमें जर्मनी और लंदन से मिले 78 हजार करोड़ रुपए के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। वहीं उद्योग विभाग से संबंधित रियायतों और विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश होने वाले विधेयकों पर भी मंत्रियों से विचार-विमर्श किया गया।

# मालवा-निमाड़ में 5500 किमी बिजली लाइन

### केबल का काम पूरा:4800 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए, आपूर्ति क्षमता का व्यापक विस्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत मालवा और निमाड़ क्षेत्र में बिजली वितरण क्षमता बढ़ाने, लॉस कम करने के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। अब तक करीब 5500 किमी लंबाई में लाइन, केबल का कार्य किया है। 4800 वितरण ट्रांसफॉर्मर भी स्थापित किए गए हैं। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इस योजना से उपभोक्ता सेवाओं में बढ़ोतरी, आपूर्ति में गुणात्मक सुधार की स्थिति बन रही है।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक रजनी सिंह ने बताया- रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम में 565 ग्रिडों पर केपिसिटर बैंक लगा दिए हैं। इंदौर शहर के सिरपुर, मालवा मिल, सुखलिया में 20 किमी नई अंडरग्राउंड केबल स्थापित की गई है। इंदौर व उज्जैन संभाग के जिलों में 4800 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए हैं। इन ट्रांसफॉर्मरों से किसानों, घरेलू, व्यापारिक क्षेत्र के अलावा उद्योगों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था में भी सुधार एवं बढ़ोतरी हुई हैं।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि 1136 किमी में घरेलू से पृथक कृषि लाइन स्थापित की गई हैं। दो हजार किमी की एलटी केबल स्थापित की गई है। इससे विद्युत अवरोध, ट्रिपिंग एवं अन्य शिकायतें घटी हैं। 1300 किमी के तार यानि कंडक्टर की क्षमता बढ़ाने के कार्य हुए हैं। करीब एक हजार किमी की लाइन फीडर विभक्तिकरण एक-दूसरे से जोड़ने के लिए स्थापित की गई हैं।

प्रबंध निदेशक रजनी सिंह ने बताया कि अब तक आरडीएसएस में 33/11 केवी के नए 49 ग्रिड तैयार हो चुके हैं। इनसे बिजली वितरण जारी हैं। वहीं इस योजना में 70 पुराने ग्रिडों का रिनोवेशन कार्य किया गया हैं। 15 किमी की सर्विस केबल स्थापित की गई हैं। इन कार्यों पर अब तक 600 करोड़ से ज्यादा की राशि व्यय हुई है।

## इंदौर के समाजजन आचार्य समय सागर जी से मिले

### 27 अप्रैल से आयोजित महामहोत्सव में शामिल होने के लिए भेंट किया श्रीफल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि के बाद 16 अप्रैल को उनके प्रथम शिष्य समय सागरजी महाराज को आचार्य पद मिला है। 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को शहर के सुमति धाम जिनालय गांधीनगर में उनका पट्टाचार्य-पदारोहण महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 2 मई को समाधिस्थ गणाचार्य विरागसागर जी महाराज की जयंती मनाई जाएगी। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि 4 दिसंबर को खजुराहो में विराजित आचार्य समय सागरजी से निवेदन करने इंदौर के वरिष्ठ समाजजन पहुंचे। इनमें मनीष गोधा, सपना मनीष गोधा और वैभव जैन डेवडिया बडामलहारा ने आचार्यश्री से महामहोत्सव में संसघ सम्मिलित होने का निवेदन करते हुए श्रीफल और आमंत्रण पत्रिका भेंट की। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन 27 अप्रैल 2025 से 2 मई तक होगा। करीब लगभग 65 एकड़ के क्षेत्र में आयोजित समारोह में लगभग 500 संत-साध्वियां तथा 300 त्यागी-वृति सम्मिलित होंगे।

# महाकाल की सवारी की तर्ज पर निकले बाबा की प्रभातफेरी

### भक्त मंडल प्रशासन से बात करेगा; गलियों में बैरिकेडिंग, पुलिस फोर्स मांगेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **रणजीत हनुमान मंदिर से 23 दिसंबर को बाबा की प्रभात फेरी निकलना है। प्रभात फेरी में पांच लाख से ज्यादा भक्तों के आने की उम्मीद है। ऐसे में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ज्यादा पुलिस फोर्स के साथ ही महाकाल की सवारी की तर्ज पर ही बाबा की प्रभातफेरी निकले, ये मंदिर के पुजारी और भक्त मंडल के सदस्य चाहते हैं। इसे लेकर वे जल्द ही प्रशासन से चर्चा करेंगे और अपनी इन मांग को उनके सामने रखेंगे।**

### आखिर ऐसी मांग क्यों?

पिछले साल निकली प्रभात फेरी में एक युवक की हत्या हो गई थी। ऐसे में मंदिर के पुजारी और भक्त मंडल के सदस्यों की चिंता बढ़ गई है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना बाबा की प्रभात फेरी में न हो, इसलिए वे प्रशासन से पुख्ता इंतजाम की मांग करेंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास का कहना है-

हाल ही में भक्त मंडल के सदस्यों के साथ बैठक हुई। इसमें प्रभात फेरी के लिए सुझाव मांगे गए थे। प्रशासन के साथ बैठक होना है। प्रशासन के समक्ष मांग रखी जाएगी कि महाकाल की सवारी की तर्ज पर ही बाबा की प्रभात फेरी निकाली जाए, यानी बाबा के रथ के आसपास पुलिस का घेरा हो।

### प्रशासन से ये मांग भी करेंगे

पुजारी का कहना है कि ज्यादा से ज्यादा पुलिस फोर्स की भी मांग की जाएगी। प्रशासन से आग्रह



किया जाएगा कि पुलिस बल रात 10 बजे से ही मिल जाए। प्रभात फेरी मार्ग पर लाइटिंग, गलियों में बैरिकेडिंग करने की मांग की जाएगी, जिससे अचानक भीड़ न बढ़े। जगह-जगह पुलिस के वाच टॉवर की मांग भी रखेंगे।

### पांच लाख से ज्यादा भक्त आने की उम्मीद

पिछले साल बाबा की प्रभात फेरी में पांच लाख से ज्यादा भक्त शामिल हुए थे। इस बार भी उम्मीद है कि इतनी ही संख्या में भक्त प्रभात फेरी में शामिल होंगे। मंदिर से लेकर प्रभात फेरी मार्ग के दोनों तरफ भक्तों की भीड़ रहती है। सुबह 5 बजे निकलने वाली प्रभात फेरी के लिए लोगों की भीड़ देर रात से ही जुटना शुरू हो जाती है।

### जगह-जगह बांटा जाता है दूध, पोहा

प्रभात फेरी में शामिल होने वाले भक्तों के लिए जगह-जगह खान-पान के स्टॉल, मंच लगाए जाते हैं। यहां से भक्तों को खाने-पीने की चीजें वितरित की जाती हैं। कहीं पोहे, कहीं गर्म दूध जैसी चीजों का वितरण भक्त करते हैं। मंदिर के पुजारी पं.व्यास ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से इस बार ऐसी व्यवस्था कराने का प्रयास किया जाएगा कि मंच के पास कोई गर्म चीज न बने। इसके लिए भी प्रशासन को कहा जाएगा।

# चेन लुटेरों ने अनेक वारदातें कबूली, वृद्ध महिलाएं रहती थी निशाने पर

**इंदौर। चेन लूट के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्त में लेकर जब सख्ती से पूछताछ की तो अनेक वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपियों के निशाने पर वृद्ध महिलाएं रहती थी, जिनके गले से चेन मंगलसूत्र लूटने की वारदात कर आरोपी भाग निकलते थे।**

एरोड्रम पुलिस की टीम ने चंद्रकाता जैन, निवासी अंबिकापुरी के साथ हुई डेढ लाख रुपए की चेन लूट के मामले में पीयूष जैन, निवासी बंगाली कॉलोनी और उसके साथी हिमांशु, निवासी जूनी इंदौर को फुटेज के आधार पर पकड़ा था। इस मामले में अफसरों ने मंगलवार को थाने आकर आरोपियों से पूछताछ की। दोनों ने कबूला कि उन्होंने अभी तक मल्हारगंज, तिलक नगर और एरोड्रम में 5 वारदात की हैं। पुलिस को आरोपियों द्वारा और भी वारदात करने की शंका है। पीयूष और हिमांशु ने पूछताछ में कबूला है कि उनके टारगेट पर बुजुर्ग महिलाएं ही होती थी। इससे उन्हें मौके से भागने का समय मिल जाता था। पिछले दिनों तिलक नगर में भी पीयूष ने जैन मंदिर के यहां बुजुर्ग महिला की चेन लूट ली थी।

महिला से मोबाइल लूट में भी पूछताछ एरोड्रम में एक महिला से मोबाइल लूट के मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि बाइक सवार दो युवकों ने उसके साथ लूट की थी। पुलिस इस मामले में हुलिए के आधार पर पक?ाए दोनों आरोपियों से ही पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंजु माने की शिकायत पर मंगलवार को पुलिस ने बाइक सवार दो लुटेरों पर केस दर्ज किया है। मंजु ने बताया कि 28 नवंबर की रात करीब 8 बजे वह दर्शन करने विद्याधाम मंदिर गई थी। इस दौरान कालानी नगर में भागवत गार्डन के यहां पहुंची तो बाइक पर दो बदमाश आगे जाकर पलट कर आए। उन्होंने हाथ से 36 हजार कीमत का मोबाइल छीना और फरार हो गए। महिला ने पुलिस को दोनों के हुलिए की जानकारी दी। पुलिस इस मामले में भी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# युवक की चाकू घोप कर हत्या

## शादी समारोह में नाचने को लेकर हुआ था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर इलाके में बुधवार देर रात एक शादी समारोह में युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हमलावर की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक युवक का डीजे वाले से नाचने की बात पर विवाद हुआ था।**

टीआई देवेन्द्र मरकाम के मुताबिक, घटना ग्वाला कॉलोनी की है। यहां एक शादी समारोह में देव उर्फ विनोद(19) पिता घनश्याम रावत निवासी दूधिया की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। रात करीब 1 बजे उसे गंभीर हालत में एमवाय लेकर दोस्त नरेन्द्र और सचिन पहुंचे थे। मृतक देव अपने दोस्त अजय की शादी में आया हुआ था। यहां नाचने की बात पर उनकी डीजे वाले से कहासुनी हुई थी। जिसके बाद विवाद हुआ। इस दौरान देव और नरेंद्र से मारपीट हुई। तब लोगों ने समझा कर विवाद को शांत किया था।

दोस्त नरेन्द्र ने बताया कि देव आधे घंटे बाद दोस्त शुभम को शादी वाले जगह से करीब तीन सौ मीटर दूरी पर घायल मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। वह बेसुध था। इसके बाद रात में पुलिस को सूचना देकर देव को एमवाय ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देव डिस्पोजल कंपनी में काम करता है। पिता दूधिया में किसानी करते है। वहीं परिवार में एक बड़ा भाई और छोटी बहन है। देव जिस अजय की शादी में आया था। वह भी उसके साथ डिस्पोजल कंपनी में काम करता है।

# किशोरी बंधक बनाकर रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक किशोरी को डेढ़ माह पहले एक युवक अपने साथ राजस्थान के मालपुरा ले गया। यहां पर आरोपी ने कई बार रेप किया, लड़की भागकर इंदौर आ गई। रात में हिंदू जागरण मंच के लोगों से संपर्क में आने के बाद वह उसे लेकर थाने पहुंचे और युवक के खिलाफ रेप सहित पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कराया हैं।**

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार टेटवाल ने बताया कि राजस्थान के मालपुरा में रहने वाले मोहम्मद शोएब सैय्यद के माता-पिता करीब डेढ़ माह पहले कनाडिया इलाके में रहने वाली नाबालिग को अपने साथ ले गए। यहां पर मोहम्मद शोएब ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया, मारपीट करता था। 30 नवंबर को बच्ची यहां से भागकर इंदौर आ गई। इसके बाद परिवार के लोगों को जानकारी दी। बाद में हिंदू जागरण मंच के मान सिंह राजावत ने बच्ची के परिवार ने संपर्क किया। उसे रात में थाने लेकर पहुंचे।

# जलन वाले इत्र का विरोध किया तो पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवक और उसके रिश्तेदारों के साथ वही रहने वाले कुछ लोगों ने जमकर मारपीट की। युवक को आरोपी पक्ष के एक लडके ने जलन वाला इत्र लगा दिया था, विरोध किया तो मारपीट की। उसके परिवार वाले समझाने गए तो उन पर भी हमला कर दिया। रोमान पिता याकूब निवासी अहमदनगर बांक की शिकायत पर चंदन नगर पुलिस ने सैफान, इलियास, रियाज, आमीन और अयान सभी रमा कॉलोनी बांक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। घायलों के नाम अमन और साहिल है। रोमान ने पुलिस को बताया कि राज मेडिकल के सामने राजकुमार नगर पर वह खड़ा था तभी सैफान और अयान पीछे से आए और उसके गर्दन पर जलन करने वाला इत्र लगा दिया। उसने इस बात को लेकर आपत्ति ली तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। वह अपने घर आया और अपने परिजन को साथ लेकर सैफान के घर समझाने गए तो सैफान और उसके चाचा व अन्य रिश्तेदारों ने उसके व उसके रिश्तेदारों के साथ जमकर मारपीट की।

## अवैध कालोनी काटकर बेचे प्लाट, दो पर केस दर्ज

**इंदौर।** अवैध कालोनी काटकर प्लाट बेच देने के मामले में पुलिस ने महिला सहित दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। खुड़ैल पुलिस ने बताया कि राजस्व निरीक्षक वृत 3 भिचौली हप्सी कैलाश चौधरी की रिपोर्ट पर दौलताबाई और गौरीशंकर निवासी ग्राम सनावदिया के खिलाफ पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। मामला ग्राम सनावदिया स्थित भूमि सर्वे नं682/1 रकबा 0.805 का है। आरोपियों ने उक्त भूमि पर अवैध कालोनी काट दी।

# 17 वर्षीय नाबालिग लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र की नूतन नगर की 17 वर्षीय नाबालिग लडक्की के गुमशुदा होने का मामला सामने आया है।**

मामले की जानकारी देते हुवे उप निरीक्षक दशरथ सिंह मंडलोई ने बताया कि बुधवार देर रात करीब 11 बजे नूतन नगर निवासी मजदूर परिवार ने थाने पर आकर मौखिक रूप से बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग लडक्की शाम से लापता है। परिजनों के अनुसार वो जब शाम 7 बजे काम से लौटे तो घर पर नाबालिक नहीं थी। परिजनों ने आस पास तलाश की परन्तु कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने अपने पहचान अन्य जगह तलाश के बाद थाने पर नाबालिग की लापता होने की सूचना दी साथ ही यह शक जाहिर किया कि उनकी लडक्की को कोई बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने नाबालिग के गुमशुदगी में अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर उसके घर के आस पास में लगे सी सी टी वी कैमरों की तलाश में जुटी है।

# शेयर मार्केट में प्रॉफिट के नाम पर धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राउ पुलिस ने निजी कंपनी में काम करने वाले युवक की शिकायत पर पूर्व किरायेदार के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। युवक का कहना है कि उसका पूर्व किरायेदार शेयर मार्केट का काम करता था। उसने शेयर में अच्छा प्रॉफिट दिलाने की बात कही। मार्केट में कुछ रुपए लगाने के बाद प्रॉफिट भी दिलवाया। बाद में ज्यादा रुपए लगवा दिए, फिर ना रूपए वापस किये और ना ही प्रॉफिट दिलवाया। परेशान होकर उसने पुलिस में शिकायत की है।**

राउ पुलिस के मुताबिक सतीश पुत्र रामप्रकाश धाकड़, निवासी श्री कृष्णा पैराडाइज की शिकायत पर राहुल पुत्र गोविंद योगी, निवासी चमेली की बाड़ी खरगोन पर केस दर्ज किया गया है। सतीश ने बताया कि आरोपी राहुल ने 12 लाख 35 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है। सतीश ने बताया कि दो साल पहले राहुल उनके यहां परिवार सहित किराये से रहने आया था। राहुल ने शेयर मार्केट में काम करने की जानकारी दी थी। उसने कहा था कि अगर वह उसके बताए अनुसार शेयर में इन्वेस्ट करता है तो अच्छा प्रॉफिट कमा सकता है। आरोपी राहुल ने 6 मार्च 2023 से सतीश रुपए लेना शुरू किए। आखिरी बार 30 जनवरी 2024 को रुपए लिए। राहुल ने यह पैसा कई कंपनियों के शेयर में लगाया। जिसमें 4 लाख 51 हजार का फायदा भी हुआ। लेकिन इसके बाद राहुल ने रुपए देना बंद कर दिए। कई बार मांगने के बाद भी उसने रुपए नहीं दिए। सतीश ने बताया कि उसने राहुल को करीब 14 लाख 23 हजार रुपए दिए। जिसमें से सिर्फ 1 लाख 88 हजार रुपए ही वापस आए। राहुल ने बाद में सतीश के यहां से घर भी खाली कर दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# कंपनी को चपत लगाने वाले दो डिलेवरी बाय पकड़ाए

## पार्सल से सामान निकालकर रख दिए थे ईट और पत्थर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने डिलेवरी पार्सल से सामान निकालकर ईंट-पत्थर रखकर कंपनी को चपत लगाने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है।**

पुलिस के अनुसार महेन्द्रसिंह सिसोदिया ने शिकायत दर्ज कराई थी साउथ तुकोगंज नाथ मंदिर के पास इंस्टाकार्ड सर्विसेस प्रा. लि. नाम से उसका गोदाम है, जहां ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन मंगाए गए सामान जैसे घड़ी पावर बैंक टैबलेट इत्यादि की डिलीवरी लिपकार्ट के डिलीवरी बॉय द्वारा की जाती थी। इन्हीं डिलीवरी बॉय द्वारा उक्त पार्सल में से सामान निकालकर उसमें पत्थर व नमक इत्यादि भरकर फ्लिपकार्ट को वापस कर दिया जाता था। इस तरह से पिछले 6 महीने के अंदर द्वारा लगभग 6 लाख का सामान की चोरी किया गया था। शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ की तो उन्होंने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी प्रशांत पिता राजाराम यादव और आदर्श पिता विजय वर्मा नि. टीकमगढ़ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए लैपटॉप टैबलेट पावर बैंक घड़ी इत्यादि समान की बरामद की वाई है, आरोपियों से अन्य भी प्रकरण में पूछताछ की जा रही है।

## कलयुगी बेटे-बहू ने बुजुर्ग पिता को पीटा

**इंदौर।** एक बुजुर्ग पर उसके ही कलयुगी बेटे-बहू ने हमला कर उसे घायल कर दिया। कनाडिया पुलिस के अनुसार विक्रमसिंह सोलंकी निवासी कावेरी परिसर के पीछे की शिकायत पर उसके बेटे सतीश सोलंकी और बहू ममता सोलंकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। विक्रमसिंह विक्रम ने पुलिस को बताया कि घटना मंगलवार रात की है। वह अपने घर के अंदर फोन पर बात कर रहा था तभी लडक्का सतीश और बहू ममता आए और उसे गालियां देने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने हाथ मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। वह जमीन पर गिर गया तो उसे जमीन पर ही पटक पटक कर पीटा।

## शराब के लिए मारा चाकू

**इंदौर।** बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। वह शराब पीने के लिए रुपए मांग रहा था, नहीं दिए तो चाकू मारकर भाग गया। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक घटना में घायल का नाम भूपेंद्र पिता मुंगेर लाल (28) निवासी त्रषि पैलेस कालोनी है। उसे परिजन घायल हालत में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे उसके पेट कमर और जांघ पर चाकू के चार घाव पाए गए। घायल ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले बदमाश लक्ष्मण ने उसे रोका और शराब पीने के लिए एक हजार रूपए की मांग की। मना करने पर उस पर चाकू से वार कर दिए और भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# जिस विभाग का कार्यक्रम, उसी की मंत्री को नहीं बुलाया : राधा सिंह का छलका दर्द

## बोलीं-मेरा फोटो तक नहीं लगाया; कांग्रेस ने बताया गलत परंपरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी, (एजेंसी)। सीधी में गोपालदास बांध के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रदेश की पंचायत-ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह को ही नहीं बुलाया गया। जबकि बांध के जीर्णोद्धार का पूरा काम ही पंचायत विभाग की योजना के तहत होना है।**

मंगलवार शाम को हुए कार्यक्रम में विधायक रीति पाठक और जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री राधा सिंह को बुलाना तो दूर कार्यक्रम स्थल और आमंत्रण कार्ड पर उनके फोटो तक नहीं लगाए गए। इस मामले में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह ने भी सोशल मीडिया पर कहा कि यह गलत परंपरा है। कार्यक्रम में मंत्री को न बुलाने और उन्हें नजरअंदाज करना ठीक बात नहीं है।

### कांग्रेस बोली- भाजपा में आदिवासियों के लिए द्वेष भावना

कांग्रेस ने कार्यक्रम में मंत्री को नहीं बुलाने की निंदा की है। कांग्रेस के सीधी जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि आदिवासियों के हित की बात करने वाली भाजपा का यह चेहरा और चरित्र बताता है। कांग्रेस ने मंत्री को कार्यक्रम में न बुलाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

### सीईओ बोले- हर जन प्रतिनिधि का आदर होना चाहिए

जिला पंचायत सीईओ अंशुमान राज ने कहा कि हर जन प्रतिनिधि का आदर होना चाहिए। यह मामला ग्रामीण विकास विभाग का है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री राधा सिंह को नहीं बुलाने पर उन्होंने कहा कि हम इसकी समीक्षा करेंगे और अगले कार्यक्रम में सुनिश्चित करेंगे कि जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से बुलाया जाए।

### 3 करोड़ रुपए की लागत से बांध का जीर्णोद्धार

बता दें कि गोपालदास बांध का गहरीकरण, नवीनीकरण सहित मार्ग चौड़ीकरण करीब 3 करोड़ रुपए की लागत से होना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रीति पाठक ने कहा- सीएम मोहन यादव जिले के विकास के लिए पर्याप्त बजट दे रहे हैं। यही वजह है कि बांध के लिए तीन करोड़ का बजट मिला है।

# महाकाल मंदिर में एटीएम मशीन से श्रद्धालुओं ने लिए लड्डू प्रसादी के पैकेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)। श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति द्वारा बैंक की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद लड्डू प्रसादी मशीन से श्रद्धालुओं को प्रसाद विक्रय करने की सुविधा बुधवार से प्रारंभ कर दी गई। प्रथम दिन मशीन में संग्रहित सारे प्रसाद के पैकेट ऑनलाईन भुगतान कर श्रद्धालुओं ने ले लिए। इसके पश्चात करीब 2 घंटे तक मशीन खाली रही।**

उल्लेखनीय है कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को 24 घंटे सुविधापूर्वक लड्डू प्रसाद मिल सके,इसके लिए मंदिर समिति ने कोयंबटूर की 5जी टेक्नोलॉजिस कंपनी द्वारा निर्मित मशीन को गेट नंबर 1 अवंतिका द्वार के समीप लगाया है। मशीन ऑपरेट करने के लिए लड्डू यूनिट सहित अन्य कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया है। मशीन को ऑपरेट कर रहे कर्मचारी मंगल बिंदवा ने बताया कि प्रातःकाल प्रसाद के सारे पैकेट बिक गए जिससे मशीन खाली हो गई। दो घंटे तक मशीन खाली रही। प्रातः 10 बजे वाहन में भर कर लड्डू के पैकेट आए जिन्हें मशीन में लोड किया गया। इसके पश्चात ऑनलाईन भुगतान कर लड्डू प्रसाद विक्रय पुनः प्रारंभ हो गया।

### क्यूआर कोड स्कैन से भुगतान करने पर प्रसाद का पैकेट मिलता है

मशीन से लड्डू प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं ने क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान किया जिसके पश्चात लड्डू प्रसाद का पैकेट मशीन से बाहर आया। इस प्रोसेस में 1 मिनट का समय लगा। इसके बाद श्रद्धालु को 100, 200 और 500 ग्राम लड्डू के पैकेट मिले। श्री महाकालेश्वर मंदिर देश का पहला मंदिर है जहां यह हाईटेक सुविधा प्रारंभ की गई है। एक बार मशीन में प्रसाद के पैकेट समाप्त होने के पश्चात पुनः लोड करने में 30 मिनट का समय लगता है। मशीन पर सुबह 6 से दोपहर 2, दोपहर 2 से रात 10 और रात 10 से सुबह 6 बजे तक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मंदिर में कोयंबटूर की कंपनी फाइव जी टेक्नोलॉजिस के बिजनेस हेड एम.कानन ने लड्डू प्रसादी यूनिट के 5 से 6 कर्मचारियों को मशीन संचालित करने का प्रशिक्षण दिया हैं।

# शपथ से पूर्व फडणवीस ने महाकाल से भस्म-प्रसाद बुलाया

## पुजारी को फोन कर शपथ समारोह में शामिल होने का न्योता दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)। महाराष्ट्र में नवागत मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस 5 दिसम्बर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ समारोह से पूर्व श्री फडणवीस ने महाकाल मंदिर के पुजारी को निमंत्रण देते हुए भस्म और प्रसाद के साथ आमंत्रित किया है।**

पं.आशीष पुजारी ने बताया कि श्री फडणवीस ने उन्हें स्वयं फोन कर शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। उनके मुंबई आने-जाने के लिए फ्लाइट का टिकट,रुकने और गाड़ी की व्यवस्था भी की गई है। आशीष पुजारी ने बताया कि वे शपथ ग्रहण समारोह के लिए बुधवार की शाम को रवाना हो गए। पं.पुजारी अपने साथ भगवान श्री महाकालेश्वर का प्रसाद,दुपट्टा और रुद्राक्ष की माला लेकर गए है। श्री फडणवीस भगवान महाकाल के अनन्य भक्त हैं। प्रथम बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने पर भी वे बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने उज्जैन आए थे। इसके बाद लगातार यहां आकर बाबा महाकाल का दर्शन कर पूजन करते रहे है।

# पिंजरा खुलते ही चीतों ने जंगल में लगाई दौड़

## कूनो में बड़े बाड़े से छोड़े गए अग्नि और वायु, अब पर्यटक भी देख सकेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, (एजेंसी)। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में अब पर्यटकों को चीतों के दीदार हो सकेंगे। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस के मौके पर 2 नर चीतों अग्नि और वायु को बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ा गया है। कूनो के मुख्य वन संरक्षक और डायरेक्टर, लायन प्रोजेक्ट, उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि यह दोनों चीते पूरी तरह स्वस्थ हैं।**

कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ आर थिरुकुराल ने बुधवार शाम को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी चीते पूरी तरह से स्वस्थ हैं। खुले जंगल में छोड़े जाने के बाद अब ये चीते रफ्तार में भाग सकेंगे। अपनी पसंद के जानवर का शिकार कर अपना पेट भर सकेंगे। यह क्षेत्र अहेरा पर्यटन जोन में आता है, जिससे पर्यटक सफारी के दौरान इन चीतों को देख सकते हैं।

कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में 12 वयस्क और 12 शावक यानी कुल 24 चीते थे। इनमें से दो को खुले जंगल में रिलीज कर दिया गया है। अब बाड़े में कुल 22 चीते हैं। इन्हें भी कूनो प्रबंधन के अधिकारी क्रमबद्ध तरीके से रिलीज करेंगे। बता दें कि चीतों को खुले जंगल में छोड़ने का फैसला स्टीयरिंग कमेटी करती है।



### कूनो में अब तक 12 शावकों का जन्म

कूनो नेशनल पार्क में अब तक जन्मे 12 भारतीय चीता शावक अगले डेढ़ से दो साल में पूरी तरह वयस्क हो जाएंगे। कूनो में जन्म लेने वाली सबसे पहली मादा चीता शावक अब 20 महीने की हो चुकी है। इसी साल जनवरी में आशा और ज्वाला ने 7 शावकों को जन्म दिया था। वे अगले महीने एक साल के हो जाएंगे।

### 17 माह में मां से अलग हो जाते हैं शावक

17 माह में चीतों के शावक अपनी मां से अलग हो जाते हैं और तीन साल में पूरी तरह युवा हो जाते हैं। वहीं, नामीबियाई और दक्षिण अफ्रीकी 12 चीते भी अब कूनो की आब-ओ-हवा में रच बस गए हैं। साल 2023 की तुलना में चीतों के लिए साल 2024 काफी बेहतर साबित हुआ है।

2023 में जहां 7 वयस्क चीतों और 3 शावकों की मौत हुई थी। वहीं, 2024 में 11 चीता शावकों का जन्म हुआ है, जबकि सिर्फ 2 वयस्क चीतों और 4 शावकों की ही मौत हुई। चीता एक्शन प्लान के मुताबिक कूनो नेशनल पार्क में 20 चीतों के रहने लायक जगह है। अभी यहां 24 चीते रह रहे हैं।

# चाचा ने किया था दुष्कर्म, बच्चा हुआ तो जला दिया

## स्कूल के पीछे मिली थी नवजात की अधजली लाश; आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, (एजेंसी)।** सागर जिले में शाहगढ़ के श्मशान घाट में नवजात का अधजला शव मिला है। जांच में पता चला है कि श्मशान घाट के पास सरकारी स्कूल में सोमवार को 11वीं की छात्रा ने बच्चे को जन्म दिया था। शव उसी नवजात का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला है कि बच्चा जन्म के समय स्वस्थ और जीवित था।

पुलिस जांच में पता चला कि नाबालिग को घर में अकेला पाकर उसके चाचा ने दुष्कर्म किया था। जिसके बाद वह गर्भवती हुई थी। सोमवार को नाबालिग का प्रसव हुआ था। मामले में कार्रवाई करते हुए बंडा पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर 26 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

प्रसव के बाद से पीड़िता गांव से गायब थी। उसके परिवार वाले उसे सागर इलाज कराने लाए थे। पुलिस ने नाबालिग की तलाश की। छानबीन के दौरान पीड़िता मकरोनिया चौराहे पर मां के साथ मिली। जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया, ह्यस्कूल स्टाफ के बयान लिए गए हैं। पुलिस ने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर सुरक्षा में लिया है।

एसडीओपी शिखा सोनी ने कहा, ह्यशासकीय स्कूल के पीछे अधजली अवस्था में नवजात का शव मिला था। प्राथमिक जांच में सामने आया कि प्रसव के बाद नवजात को जलाया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, नाबालिग बीते कुछ समय से स्कूल नहीं आ रही थी। 3 दिसंबर को स्कूल आने के बाद ही उसे पेट दर्द शुरू हो गया। स्कूल के शिक्षकों ने देखा तो बताया कि यह प्रसव संबंधी दर्द है। तुरंत लड़की की मां को सूचना दी गई।

## संपादकीय

# संवेदनशील राज्य पंजाब में सुरक्षा पर सवाल

पंजाब अलगाववादी गतिविधियों के लिहाज से अब भी संवेनशील राज्य है। पिछले कुछ समय से फिर कनाडा आदि देशों में रह रहे कुछ अलगाववादी सिख खालिस्तान की मांग उठाने लगे हैं। उसका कुछ असर पंजाब में भी देखा गया। हालांकि सरकार ने चुस्ती दिखाई और ऐसे तत्वों पर लगाम कसने में कामयाब हुई। मगर पिछले कुछ समय से पंजाब में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई हैं, दिनदहाड़े और सरेआम किसी को गोली मार देने में भी अपराधियों को कोई हिचक नहीं होती। ऐसे वातावरण में पुलिस से अधिक चौकस रहने की अपेक्षा की जाती है। मगर पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर जिस तरह स्वर्ण मंदिर परिसर में जानलेवा हमला हो गया, उससे जाहिर है कि पुलिस ने उनकी सुरक्षा के अपेक्षित इंतजाम नहीं किए थे। जिस व्यक्ति ने उन पर गोली चलाई वह खालिस्तान समर्थक पूर्व आतंकवादी है। रामरहीम के आपराधिक मामले में सुलह करवाने के आरोप में अकाल तख्त ने सुखबीर सिंह बादल को तनखैया घोषित कर गुरुद्वारे में सेवा करने और कीर्तन सुनने का आदेश दिया था। उसी का पालन करते हुए स्वर्ण मंदिर परिसर में वे सेवा दे रहे थे। एक व्यक्ति ने उसी वक्त उन पर हमला करने की कोशिश की। गनीमत थी कि वहां सादी वर्दी में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे दबोच लिया। इस तरह गोली बादल को न लग कर दीवार पर जा लगी। हालांकि स्वर्ण मंदिर परिसर में उस तरह श्रद्धालुओं की तकनीकी जांच नहीं होती, जिस तरह अन्य अनेक पूजा स्थलों पर की जाती है। श्रद्धालु मुक्त रुप से परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। पर सुरक्षा के लिहाज से परिसर में सैकड़ों सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। यह अच्छी बात है कि श्रद्धा के मामले में वहां सरकारी हस्तक्षेप नहीं है, मगर सुखबीर बादल वहां किसी सामान्य श्रद्धालु की तरह नहीं गए थे। उनकी सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही की अपेक्षा नहीं की जा सकती। गनीमत है कि सादी वर्दी में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उस हमले को नाकाम कर दिया, पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर बंदूक लेकर कोई शख्स कैसे पूर्व मुख्यमंत्री के करीब तक पहुंच गया।

isha



बुद्धिमान लोग चीजों को लेकर आश्चर्य करते हैं जबकि मूर्ख लोग पूरी तरह से आश्वस्त होते हैं।

- जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म


### साल 2025 में ग्रहों का बड़ा बदलाव

# नया साल शुरु होने से पहले करें ये उपाय, तरक्की और लाभ से होंगे मालामाल

**साल 2025 में ग्रह गोचर के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। साल 2025 में एक साथ कई बड़े ग्रह गोचर करने जा रहे हैं। जिसका प्रभाव सभी राशियों, देश और दुनिया पर देखने को मिलेगा। साल 2025 में राहु, शनि, मंगल, गुरु और केतु सभी बड़े ग्रह का गोचर होगा। ऐसे में आपको अभी से ही कुछ-कुछ उपाय करना शुरू कर देना चाहिए ताकि आपको साल 2025 में किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। आइए जानते हैं साल 2025 में कब कौन सा ग्रह करेगा गोचर और किन उपायों से आपको सुख समृद्धि की प्राप्ति होगी।**

### 2025 ग्रह गोचर लिस्ट

- साल 2025 की शुरुआत में शनि शनि अपनी स्वराशि कुंभ से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। शनि 29 मार्च 2025 को मीन राशि में गोचर करेंगे।
- इसके बाद मई में राहु मीन राशि से निकलकर कुंभ राशि में पहुंचेंगे। 18 मई 2025 को राहु मीन राशि में और केतु सिंह राशि में गोचर करेंगे।
- इसी के साथ गुरु साल 2025 में वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश कर जाएंगे। गुरु का गोचर 14 मई 2025 को मिथुन राशि में होगा।
- साल 2025 में ये 4 बड़े ग्रह बदलाव करने जा रहे हैं। ऐसे में आपको नए साल शुरु होने से पहले कुछ उपाय जरूर करने चाहिए। ताकि आपके लिए नया साल मंगलकारी साबित हो और आपको जीवन में सुख समृद्धि और तरक्की मिले। यहां हम आपको सरल उपाय बाताएंगे जो सभी राशियों के लिए लाभकारी रहने वाले हैं।



### शनि के बुरे प्रभाव से बचने के लिए करें ये उपाय

- साल 2025 में शनि का गोचर होगा ऐसे में , आपको हर शनिवार जल में चीनी और काला तिल मिलाकर पीपल की जड़ में अर्पित करें। यह उपाय आपको सूर्योदय से पहले करना चाहिए। इस उपाय को करने से शनि आपसे प्रसन्न होंगे।
- यदि आप यह उपाय नहीं कर सकते हैं तो शनिवार के दिन शनिदेव के मंत्रों का जप करें। ओम प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः इस मंत्र का हर शनिवार कम से कम 108 बार जप करें। इस उपाय को करने से शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या से मुक्ति मिलेगी।
- इसके अलावा शनि मंदिर में जाकर शनिदेव के सामने सरसों के तेल में काले तिल मिलाकर दीपक जलाएं। इस उपाय से भी शनिदेव के प्रकोप से कुछ शांति मिलेगी।

### राहु गोचर 2025 उपाय

- राहु को ज्योतिष शास्त्र में पाप ग्रह माना गया है। ऐसे में राहु को प्रसन्न करने के लिए उपाय करने बेहद जरूरी है। राहु 18 मई को मीन राशि से निकलकर कुंभ राशि में जाएंगे। ऐसे में राहु को प्रसन्न करने के लिए आपको छोटे छोटे कुछ उपाय करने चाहिए।
- ओम रां राहवे नमः मंत्र का जप की रोजाना एक माला करना शुरू कर दें। इसके अलावा आप पक्षियों को प्रतिदिन बाजरा खिलाएं। साथ ही काले कुत्ते को शनिवार के दिन कुछ न कुछ जरूर खिलाएं।
- साथ ही सोमवार के दिन सुबह जल में काले तिल मिलाकर शिवलिंग पर अर्पित करें।

### केतु गोचर 2025 उपाय

- केतु दोष से मुक्ति पाने के लिए दान पुण्य के कार्य करने चाहिए। केतु के शुभ प्रभाव पाने के लिए कंबल, उड़द, गर्म कपड़े, छाता, लोहा, आदि देना का दान करें।
- साथ ही केतु को प्रसन्न करने के लिए काले या सफेद रंग के कुत्ते को कुछ न कुछ जरूर खिलाएं
- इसके अलावा हर शनिवार के दिन पीपल पेड़ के नीचे घी का दीपक जलाएं। इस उपाय से भी केतु प्रसन्न होते है।

### गुरु गोचर 2025 उपाय

- गुरु भी साल 2025 में मिथुन राशि में पहुंच जाएंगे। 14 मई 2025 को गुरु मिथुन राशि में गोचर करेंगे। इसलिए गुरु को प्रसन्न करने के लिए गुरुवार के दिन से 'ओम ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः' मंत्र का जाप 3, 5 या 16 माला जाप करना शुरू कर दें।
- इसके अलावा गुरुवार के दिन स्नान करते समय पानी में चुटकी भर हल्दी मिलाएं। ऐसे करने से गुरु आपसे प्रसन्न होंगे और घर परिवार में सुख समृद्धि बनी रहेगी।
- गुरु ग्रह को मजबूत करने का सबसे आसान उपाय यह भी है कि आप अपने गुरु के रोजाना पैर छूकर प्रणाम करें।
- इसी के साथ गुरु को मजबूत करने के लिए आप गुरुवार के व्रत कर सकते हैं और भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजन करें।

New Delhi

# ना चीख निकलने दी ना खून, टहल भी आया; दिल्ली में मां-बाप, बहन का गला काटने वाला कितना चालाक!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के नेब सराय में ट्रिपल मर्डर की खबर ने पूरी दिल्ली को दहला दिया तो वारदात के खुलासों ने हैरान कर दिया है। एक बेटे ने ही अपने मां-बाप और बड़ी बहन को बेहरमी से मौत के घाट उतार दिया। उसने बेहद क्रूरता से पहले तीनों का खून किया और फिर शातिराना तरीके से कहानी रच दी। हालांकि, पुलिस के सवालों में फंसकर उसने कुछ ही घंटों में अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने हत्या की वजह, तरीके और बचने के लिए किए उपायों के बारे में एक-एक राज उगल दिया।

बुधवार सुबह अचानक नेब सराय के देवली गांव में एक साथ तीन लोगों की चाकू से गोदकर हत्या कर देने



की खबर आई तो दिल्लीवाले खौफजदा हो गए। मॉर्निंग वॉक से लौटे 20 साल के अर्जुन ने शोर मचाते हुए पड़ोसियों को बुलाया कि उसकी गैरमौजूदगी में किसी ने उसके मां-बाप और बहन की हत्या कर दी। फिर उसने पुलिस खुद पुलिस को फोन करके वारदात की जानकारी दी। ना सिर्फ नेब सराय बल्कि पूरी दिल्ली के लोग चिंतित हो उठे। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटना को लेकर पहले सोशल मीडिया और फिर विधानसभा में चिंता जाहिर की और कानून-व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले 51 वर्षीय राजेश सेना से रिटायर्ड थे। एनएसजी कमांडो रह चुके राजेश अभी दिल्ली में एक उद्योगपति के पीएसओ के रूप में काम कर रहे थे। वह अपनी पत्नी कोमल (46) और बेटी कविता (23) और बेटे अर्जुन (20) के साथ देवली गांव में रह रहे थे।

Bihar

## दरभंगा एयरपोर्ट पर सेना का जवान गिरफ्तार

### दिल्ली की फ्लाइट पकड़ने वाला था, इस चीज के साथ पकड़ाया

**दरभंगा, (एजेंसी) दरभंगा एयरपोर्ट पर दिल्ली की यात्रा करने आये एक सेना के जवान के पुलिस ने नौ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। सीतामढ़ी के रीगा थाना क्षेत्र के सिंघोरवा गांव के रहने वाले सेना के जवान करनजीत सिंह अपना अवकाश खत्म होने के बाद के बाद दिल्ली होते हुए जम्मू कश्मीर लौट रहा था। इस दौरान दरभंगा एयरपोर्ट पर बैग स्क्रीनिंग के दौरान कारतूस होने की बात सामने आई थी। इस बात की पुष्टि सदर थाना की पुलिस ने की है।**

दरभंगा एयरपोर्ट से गिरफ्तार सेना के जवान करनजीत सिंह जम्मू कश्मीर सेना में पदस्थापित है। वह डेढ़ महीने की छुट्टी पर अपने घर सीतामढ़ी जिला के रीगा थाना क्षेत्र सिंघोरवा गांव आया था। छुट्टी खत्म होने के बाद वह दरभंगा एयरपोर्ट से स्पाइसजेट के विमान संख्या SG 752 से दिल्ली जाने के लिए आया था। इस दौरान उन्होंने अपना बैग स्क्रीनिंग के लिए मशीन में डाला तो 9 कारतूस मिलने की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट पर तैनात एपीएसयू टीम के हवाले कर दिया गया। घटना की जानकारी एयरपोर्ट अधिकारियों ने सदर थाना की पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची थाना की पुलिस गिरफ्तार कर थाना ले आई।

New Delhi

## दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर केबल चोर चुरा ले गए तार, कीर्ति नगर और मोती नगर के बीच थम गई रफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-नोएडा की सबसे बिजी ब्लू लाइन पर केबल चोरी की घटना सामने आई है, जिससे मेट्रो के परिचालन पर असर देखने को मिल रहा है। ब्लू लाइन मेट्रो आज देरी से चल रही है। ये सबसे बिजी मानी जाने वाली लाइन है। पीक टाइम में इसका असर और भी ज्यादा देखने को मिलेगा. लोगों को मेट्रो के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा.

केबल की चोरी की घटना द्वारका से वैशाली/नोएडा लाइन पर कीर्ति नगर और मोती नगर के बीच रात के वक्त हुई है, जब मेट्रो सेवा समाप्त हो चुकी थी. स्टेशनों के विपरीत ट्रैक क्षेत्र सीसीटीवी कवरेज में नहीं था, वहीं जिस क्षेत्र से केबल चोरी हुई, वह औद्योगिक क्षेत्र से सटा हुआ है, अंधेरा होने के कारण स्टेशन के सीसीटीवी में भी ज्यादा कुछ कैद नहीं हुआ है. इसके चलते पूरे दिन ब्लू लाइन पर परिचालन प्रभावित रहेगा. डीएमआरसी ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं क्योंकि यात्रा में कुछ अतिरिक्त समय लगेगा.

Punjab

## थाना मजीठा के अंदर फेंका गया हैंड ग्रेनेड, जबरदस्त धमाके से टूटी खिड़कियां, जांच शुरू

**अमृतसर, (एजेंसी)** अमृतसर में बुधवार देर रात करीब 11 बजे जिला देहाती में पड़ते थाना मजीठा के अंदर एक अज्ञात शख्स ने हैंड ग्रेनेड फेंक दिया। ग्रेनेड थाने के बिल्कुल अंदर खुली जगह पर फेंका गया, जिसके बाद जबरदस्त धमाका हुआ। हरकत में आई पुलिस ने तुरंत थाने के गेट बंद कर लिए।

धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर एसपी चरणजीत सिंह, डीआईजी सतिंदर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब 11 बजे थाना मजीठा में पुलिस अपनी ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान बाहर से अज्ञात शख्स ने एक हैंड ग्रेनेड फेंका। छह दिन पहले जिला शहरी इलाके में पड़ती बंद पड़ी चौकी गुरबख्श नगर पर भी इसी तरह



हैंड ग्रेनेड फेंककर धमाका किया गया था। इससे पहले 23-24 नवंबर की रात को थाना अजनाला के बाहर आईडी लगाकर उड़ने की योजना का खुलासा हुआ था। पिछले 15 दिनों में तीन घटनाएं हो चुकी हैं। अभी तक पुलिस इन घटनाओं के पीछे कौन आरोपी है, ना तो उनका पता लगा पाई है ना ही किसी को गिरफ्तार किया जा सका है।

खेल

# आईसीसी रैंकिंग : शतक के बावजूद यशस्वी जायसवाल को हुआ नुकसान

### विराट कोहली को भी लगा झटका, बुमराह की बादशाहत बरकरार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतकीय पारी के बावजूद यशस्वी जायसवाल को ताजा टेस्ट रैंकिंग में नुकसान हुआ है। उनके अलावा विराट कोहली को भी झटका लगा है। अब वह एक स्थान के नुकसान के साथ 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह शीर्ष स्थान पर काबिज हैं।

भारतीय टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा चुका है। पर्थ में खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने 295 रनों से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में शतकीय पारियां खेलने वाले यशस्वी जायसवाल और विराट



कोहली को आईसीसी की ताजा रैंकिंग में नुकसान झेलना पड़ा है। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने दूसरी पारी में 15 चौके और तीन छक्के की मदद से 161 रन की पारी खेली थी। वहीं, विराट कोहली ने 100* रन बनाए थे। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में जायसवाल 825 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है। अब उनकी जगह इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, किंग कोहली 689 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ 14वें नंबर पर पहुंच गए।

पर्थ टेस्ट में ऋषभ पंत का बल्ला कुछ खास नहीं चला। पहली पारी में उन्होंने 37 और दूसरी पारी में सिर्फ एक रन बनाया। हालांकि, इससे उनकी रैंकिंग पोजीशन में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। वह 736 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ छठे पायदान पर काबिज हैं। शीर्ष पंत और जायसवाल ही दो भारतीय बल्लेबाज हैं।

टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार है। वह 883 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पहले मैच में कुल आठ विकेट चटकाए थे। वहीं, अश्विन को इस मैच में आराम मिला था। वह चौथे पायदान पर बने हुए हैं। दिग्गज स्पिनर रवींद्र जडेजा को एक स्थान का लाभ हुआ है और वह छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनके खाते में 794 अंक हैं।

सिनेमा

## 'पुष्पा' को देखने मची भगदड़, बेसुध 9 साल का बेटा-मां की गई जान, स्क्रीनिंग में क्यों गए थे अल्लू अर्जुन?



पावर स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 सिनेमाघरों में भौकाल मचा रही है। करीबन 3 साल के बाद लौटे 'पुष्पा' के लिए फैंस की दीवानगी सिर चढ़कर बोल रही है। थियेटर्स के बाहर जश्न सा माहौल है। इंटरनेट पर बस पुष्पा की ही बात छिड़ी है। लेकिन खुशी और एक्साइटमेंट के बीच एक बुरी खबर भी मिली है। अल्लू के लिए दीवानगी दिखाना कईयों को भारी पड़ा है। एक महिला की मौत तक हो चुकी है।

दरअसल, बीती रात हैदराबाद के संध्या थियेटर में अल्लू की फिल्म पुष्पा 2 का प्रीमियर शो रखा गया था। क्रेजी फैंस तब और बेकाबू हुए जब सुनने में आया कि अल्लू स्क्रीनिंग में पहुंचने वाले हैं। अपने फेवरेट एक्टर को देखने के लिए लोग ऐसे उमड़े कि वहां पर भगदड़ मच गई। इसमें एक महिला की मौत हो गई। दिलसुखनगर की रहने वाली रेवती (39) अपने पति और दो बच्चों, श्री तेज (9) सान्विका (7) के साथ संध्या थियेटर फिल्म देखने पहुंची थी। जैसे ही अल्लू वहां पर आए एक्टर को देखने के लिए फैंस में हल्ला मचा। थियेटर गेट्स से अंदर जाने के लिए लोगों में धक्का मुक्की होने लगी। इस भगदड़ में रेवती और उसका बेटा बेसुध हो गए। 9 साल का श्री तेज बेकाबू भीड़ में दब गया।

## Highlights

1. Mumbai records its hottest December day in last 16 years
2. Woman killed in stampede at 'Pushpa 2' premiere in Hyd, her son critically injured
3. Kidnappers took ₹7.5-lakh ransom to let me go, gave me ₹20,000 for flight to Mumbai: Sunil Pal
4. Delhi Metro's Blue Line services face delay due to cable theft
5. You're corrupt: SC to Partha Chatterjee while reserving bail order
6. Jagan Reddy accused of illegally acquiring Kakinada port shares

# 'Doubt on its credibility': IndiGo on AirHelp rating it among the worst airlines in the world

**NEW DElHI, (Agency).** IndiGo has questioned the credibility of AirHelp, a European claim processing agency which published a report in which IndiGo has been ranked as one of the worst airlines in the world this year.

The 'AirHelp Score report 2024' placed the low-cost domestic carrier close to the bottom at 103rd place out of the 109 airlines analysed.





IndiGo refuted these claims, stating that the data published in the survey "does not report the sample size from India, and neither takes into account the methodology or compensation guidelines used by the global aviation industry - casting a doubt on its credibility," according to news agency PTI.

The AirHelp report which is published annually used factors like global customer claims, on-time performance, and feedback from travelers across 54 countries, also assessing aspects like food quality, seating comfort, and crew service.

IndiGo further went on to say that the Directorate General of Civil Aviation (DGCA), India's aviation regulator, publishes monthly data on airline punctuality and customer complaints and that "IndiGo has consistently scored high on punctuality and has the lowest customer complaint ratio for an airline of its size and scale of operations."

The airline has a fleet of more than 380 aircraft and operates around 2,100 daily flights over 85 domestic destinations and 30 international destinations.

"As India's most preferred airline, IndiGo refutes the findings of this survey and reiterates its promise of on-time, affordable, courteous and hassle-free travel experience for its customers," IndiGo said.

IndiGo carried more than 7.25 crore passengers between January and September this year, holding a market share of 61.3%, followed by the Tata-run Air India, which flew over 1.64 crore passengers with a 13.9% market share.

Meanwhile, Air India was ranked 61st and AirAsia at 94th, while Brussels Airlines, Qatar Airways and United Airlines where given the top three spots.

# Timeline to $100,000 and beyond: Bitcoin's wild ride

**NEW DElHI, (Agency).** Bitcoin broke above $100,000 for the first time on Thursday as the election of Republican Donald Trump as president fuelled bets that his administration will create a friendly regulatory environment for cryptocurrencies.

The world's biggest and best-known cryptocurrency has more than doubled from this year's low of $38,505 and is up over 50% since Trump's sweeping election win in early November.

Here are key events in bitcoin's journey towards $100,000 and beyond:



2008: Satoshi Nakamoto, the pseudonym used by the cryptocurrency's presumed developer, introduces the concept of bitcoin

2010: The first retail transaction takes place when a user pays 10,000 bitcoin for two Papa John's pizzas

2013: As bitcoin's popularity grows, Cameron and Tyler Winklevoss, co-founders of crypto exchange Gemini, file their first application with the U.S. Securities and Exchange Commission to create a spot bitcoin ETF.

Grayscale Investments launches the Bitcoin Investment Trust, an open-ended private bitcoin trust.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक